सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 59 इंदौर, मंगलवार 10 सितंबर, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# पूरे प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट

## भोपाल में तेज बरसात, पांढुर्णा-मंडला में अति भारी बारिश की चेतावनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । मध्यप्रदेश में सितंबर का सबसे स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। अगले 2 दिन पूरे प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में पांढुर्णा और मंडला में आकाशीय बिजली चमकने के साथ अति भारी बारिश होने की संभावना जताई है। छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर के अमरकंटक में भारी बारिश की संभावना है। भोपाल, विदिशा में मध्यम बारिश जारी रह सकती है।



भोपाल के सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, 'ओडिशा के पास डिप्रेशन पश्चिम-उत्तर बंगाल की खाड़ी में एक्टिव है। अगले 24 घंटे में यह स्ट्रॉन्ग होगा। मानसून ट्रफ मध्यप्रदेश के बीच से गुजर रही है। इसके चलते प्रदेश में कहीं अति भारी और कहीं भारी बारिश हो सकती है।' अब तक प्रदेश में औसत 36.8 इंच पानी गिर चुका है। सामान्य बारिश 37.3 इंच के लिए अब सिर्फ आधा इंच पानी की और जरूरत है। प्रदेश में कोटे की 99% बारिश हो चुकी है।

### इन जिलों में भी गिरेगा पानी

रायसेन जिले के सांची और भीमबेटका, नर्मदापुरम के पचमढ़ी, नरसिंहपुर, बैतूल, सागर, दमोह, जबलपुर, शहडोल, कटनी, उमरिया, छतरपुर के खजुराहो, पन्ना, खरगोन के महेश्वर, धार के मांडू , सतना के चित्रकूट, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, निवाड़ी के ओरछा, टीकमगढ़, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, देवास, इंदौर में हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। रतलाम, खंडवा के ओंकारेश्वर, बुरहानपुर, हरदा, सीहोर, बड़वानी के बावनगजा, अलीराजपुर, झाबुआ, शिवपुरी, श्योपुर, ग्वालियर में भी बारिश होगी।

### एमपी के 14 जिलों में बारिश

प्रदेश में सोमवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। इंदौर, उज्जैन समेत 14 जिलों में पानी गिरा। रतलाम में सबसे ज्यादा डेढ़ इंच बारिश हुई। दमोह-उज्जैन में पौन इंच और जबलपुर-गुना में आधा इंच पानी गिर गया। खजुराहो, नरसिंहपुर, सतना, सीधी, शाजापुर, उमरिया, मलाजखंड, इंदौर, खंडवा में भी बारिश हुई।

### फिर खुलेंगे डैम के गेट

जुलाई और अगस्त के बाद सितंबर में भी प्रदेश के बड़े डैम छलक उठे। भोपाल के 4 डैम-कोलार, कलियासोत, केरवा और भदभदा के गेट खुले रहे। नर्मदापुरम के तवा डैम समेत बाणसागर, कुंडालिया, बरगी, इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, जोहिला, पारसडोह, चंदौरा, कुंडालिया में भी पानी बढ़ा। आने वाले 4 दिन तक तेज बारिश होने से डैम के गेट फिर से खुल जाएंगे।

# बाइक समेत नदी में बहा पूरा परिवार मां-बेटे की मौत

### बेटी को बचाया, पति की तलाश, बचाने कूदे दो युवकों में से एक लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मंदसौर ,(एजेंसी)। मंदसौर के नाहरगढ़ में शिवना नदी पर बने बिल्लोद पुल को पार करते समय बाइक सवार दंपती और दो बच्चे नदी में बह गए। इनमें एक बच्चे की उम्र महज 4 महीने थी। इन्हें बचाने दो युवक कूदे तो वे भी डूब गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह एक बच्ची और एक युवक को बचा लिया है। वहीं, गोताखोरों की मदद से महिला और एक बच्चे का शव बरामद किया गया है।

महिला के पति और बचाने वाले एक युवक की तलाश की जा रही है। पुल के ऊपर से अब भी पानी बह रहा है। हादसा सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे का बताया जा रहा है।

### दो शव बरामद, दो लोगों की तलाश

मंदसौर ग्रामीण एसडीओपी कीर्ति बघेल ने बताया कि डूंगर सिंह (37) सीतामऊ तहसील के मोरखेड़ा गांव का रहने वाला है। वो अपनी पत्नी संगीता (35), बेटी यतिका (12) और एक 4 महीने के बेटे को बाइक से लेकर कहीं जा रहा था। पुल पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। उनको बचाने के लिए दो युवकों ने नदी में छलांग लगा दी, लेकिन बहाव इतना तेज था कि बचाने के लिए कूदे व्यक्ति भी डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह एक बच्ची यतिका और एक अन्य युवक को बचा लिया। मौके पर गोताखोर भी बुलाए गए। करीब एक घंटे की तलाशी के बाद संगीता और उसके 4 माह के बेटे का शव मिला। वहीं, डूंगर सिंह और बचाने के लिए कूदे बबलू की तलाश की जा रही है।

### पुलिस बोली- लोगों के मना करने पर भी पुल पार किया

पुलिस के मुताबिक डूंगर सिंह पत्नी और दो बच्चों के साथ बाइक से पुल पार कर रहा था। बाइक की टंकी पर बैग रखा था। पीछे 12 साल की बेटी और पत्नी बैठी थी, पत्नी की गोद में 4 महीने का बच्चा था। पुल पर तेज पानी बह रहा था। लोगों ने डूंगर सिंह को पुल पार करने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना और पुल पार करने लगा।

पुल के बीच पहुंचने पर टंकी पर रखा बड़ा बैग गिरने लगा। जिसे पत्नी ने एक हाथ से पकड़ने की कोशिश की। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ा और बाइक सहित पूरा परिवार पुल से नीचे नदी में जा गिरा।

### एसडीएम बोले- दो शव बरामद, दो लोगों की तलाश

एसडीएम रविन्द्र सिंह परमार ने बताया कि रात में जलस्तर बढ़ने से शिवना के पुल पर पानी था। सुबह पानी पुलिया से उतर गया था तो हल्का आवागमन हो रहा था। बाइक पर लोग 4 लोग एक साथ थे। आगे बैग भी रखा हुआ था। तभी बैलेंस बिगड़ने के कारण हादसे की आशंका है। दो लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। दो लोगों की तलाश टीम कर रही है। दोनों तरफ चौकीदार और पीडब्लडी के गैंगमैन भी थे। स्थानीय जीआरएस भी थे। पता करेंगे, क्या-कैसे हुआ होगा।

# लूट के आरोपियों को ढाई-ढाई साल की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इटारसी,(एजेंसी)। इटारसी कोर्ट ने लूट के मामले में दो आरोपियों को ढाई-ढाई साल की सजा के साथ 5-5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। सोमवार को जेएमएफसी इटारसी सूर्यपाल सिंह राठौर ने अपराध में दोषी पाते हुए आरोपीगण उमेश मेहरा पिता हरप्रसाद मेहरा, उम्र 25 वर्ष, निवासी नाला मोहल्ला, इटारसी और गणेश भालेराव पिता रमेश भालेराव, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम धनेगांव तांडा, तहसील सोमगांव, जिला औरंगाबाद ढाई-ढाई वर्ष का कारावास और 5-5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया।

# सात किमी मार्ग पर लगेंगे 140 बिजली कर्मचारी

## अनंत चतुर्दशी झांकी चल समारोह की बिजली कंपनी कर रही विशेष तैयारी

◆ बजाजखाना क्षेत्र में विशेष कंट्रोल रूम, 52 स्थानों पर ट्रांसफार्मर कवरिंग कार्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर की शान अनंत चतुर्दशी झांकी चल समारोह 17 सितंबर को लेकर मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर वृत्त की ओर से विशेष तैयारी की जा रही है। चार संभाग और पांच जोन की टीमें इसके लिए कार्य कर रही है। 17 सितंबर की शाम निकलने वाली झांकियों के मार्ग पर विशेष कार्य किए जा रहे हैं। शहर के महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी झांकी चल समारोह के लिए करीब 140 कर्मचारी, अधिकारी लगेंगे। इनमें 24 इंजीनियर रहेंगे। झांकी मार्ग का जोनल इंजीनियर , कार्यपालन यंत्री, उच्चदाब प्रभारी ने पैदल, दुपहिया वाहन पर घूमकर निरीक्षण किया एवं बिजली संबंधी जरूरी कार्यों की सूची बनाकर कार्य कराए जा रहे है। इसमें ट्रांसफार्मर पर कवरिंग करने के साथ ही लाइनों को पर्याप्त ऊचाई पर करने, 11 केवी लाइनों पर पोल के जम्पर बदलने, केबलों को बांधने, लाइनों के पास झुकी हुई पेड़ों की टहनियों को काटने इत्यादि जरूरी आदि कार्य शामिल है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निर्देश पर दो सप्ताह का विशेष कार्यक्रम बनाकर झांकी मार्ग पर कार्य किए जा रहे हैं। एक सप्ताह हो गया है, आगामी पांच छः दिनों में संपूर्ण कार्य करा लिए जाएंगे। झांकी मार्ग पर शहर के उत्तर संभाग, मध्य संभाग, पश्चिम संभाग एवं पूर्व संभाग की टीमें मालवा मिल से लेकर बजाज खाना, राजमोहल्ला क्षेत्र तक कार्यरत रहेगी। मिल क्षेत्र, गांधी हाल, पागनिस पागा, डीआरपी लाइन क्षेत्र, बजाज खाना, जेल रोड क्षेत्र, हेमिल्टन क्षेत्र, जवाहर मार्ग, एमजी रोड आदि 33/11 केवी ग्रिडों से संबद्ध फीडरों का विशेष मैंटेनेंस किया जा रहा हैं। दक्षिण क्षेत्र से जवाहर मार्ग की ओर झांकी मार्ग के लिए विशेषीकृत सप्लाय का इंतजाम भी रहेगा। अधीक्षण यंत्री श्री शर्मा ने बताया कि लगभग करीब 52 स्थानों पर वितरण ट्रांसफार्मरों का मैंटेनेंस कर विशेष रूप से कवर लगाए जा रहे हैं। बजाज खाना में बिजली कंपनी का झांकी व्यवस्था के लिए अस्थाई कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। उधर, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर से श्री अमित तोमर के स्थानांतरण के पश्चात अपर आयुक्त वाणिज्यकर श्रीमती रजनी सिंह को यहाँ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# पुलिसकर्मी काम के साथ साथ अपनी सेहत का भी ख्याल रखें - डॉ. महेश साहू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पुलिसकर्मियों को अधिक भाग दौड़ का कार्य करना पडता हैं या कभी - कभी लगातार एक ही जगह पर खडे रहना भी पड़ता हैं। कभी कभी ऐसी स्थिति भी बन जाती हैं कि पुलिसकर्मियों को पानी भी उपलब्ध नहीं होता है। इस वजह से उनके शरीर में या तो तरलता की कमी हो जाती हैं या मांसपेशियों में खिंचाव होने से शारीरिक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। जैसे जोडो में दर्द, कमर दर्द, फ्रोजन शोल्डर, माइग्रेन आदि। इस स्थिति में हर पुलिसकर्मी को वर्ष में कम से कम दो बार अपनी बॉडी का चेकअप कराना चाहिए।**

यह विचार वरिष्ठ फिजियोथेरिपिस्ट डॉ. महेश साहू के हैं जो उन्होंने विश्व फिजियोथेरिपी दिवस पर डीआरपी लाईन स्थित पुलिस हॉस्पिटल में आयोजित निशुल्क फिजयोथेरेपी शिविर में मुख्य वक्ता बतौर व्यक्त किए। आयोजन एसडीपीसी और आईआईएमएस की ओर से किया गया। डॉ. साहू ने कहा कि फिजियोथेरिपी एक ऐसी चिकित्सा हैं जिसके माध्यम से कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता हैं। वर्तमान में फिजियोथेरिपी का उपयोग सर्जरी से बचाव के लिए किया जा रहा हैं। अब इस चिकित्सा में नई तकनीकी और आधुनिक मशीनें आ गई हैं। जिसके माध्यम से लकवा, स्लिप डिस्क, गठिया, नींद नहीं आना, वेरीकोज वेन का दबना आदि समस्याओ ओर बीमारी के बचाव में सहायक हैं। यहां तक कि यह चिकित्सा गर्भावस्था में भी महिलाओ के लिए मददगार हैं। इससे प्रसव में मदद मिलती है। फिजयोथेरेपी चिकित्सा पद्धति से शरीर में रक्त संचार ठीक से होता हैं।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारत सरकार के निदेशानुसार संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ ही इंदौर जिले में भी आज 10 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 01 से 19 वर्ष आयु तक के सभी बच्चों को कृमिनाशन की गोलियां खिलायी जाएंगी। अभियान का शुभारंभ सी.एम. राईज स्कूल महू नाका में सुबह 10 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मालिनी गौड और कलेक्टर आशीष सिंह विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। अभियान के तहत शासकीय, अशासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, आदिवासी आश्रम शालाओं, निजी विद्यालयों, अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों, मदरसों, नवोदय तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों के साथ-साथ शाला त्यागी बच्चों को भी कृमिनाशन की गोलियां खिलायी जाएंगी। जो बच्चे 10 सितम्बर को गोली नहीं ले पाएगें, उन्हें मॉप-अप राउण्ड में 13 सितम्बर को गोलियां दी जाएँगी। इंदौर जिले के लिए 12 लाख 20 हजार 557 बच्चे चिन्हित किए गए है। कृमिनाशन गोली खिलाए जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चों को बेहतर सेहत, पोषण के साथ ही उचित ढंग से उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो। आमतौर पर यह देखा जाता है कि बच्चे बिना जूते पहने मैदान में खेलते हैं, बिना हाथ धोए खा लेते हैं, शौच के उपरांत अच्छी तरह हाथ नहीं धोते हैं तो उन्हें कृमि संक्रमण होने की संभावना सर्वाधिक होती है।

कटाक्ष




# अयोध्या की तरह मथुरा-काशी में भव्य मंदिर कब?

## राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव बोले- पिछला पैर तभी उठाएं, जब अगला जम जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्रीराम मंदिर जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (अयोध्या) के महासचिव चंपत राय सोमवार को इंदौर में थे। उन्होंने अयोध्या राम मंदिर की तरह मथुरा-काशी में मंदिर निर्माण और दर्शन के सवाल पर बयान दिया। अयोध्या के लिए एक हजार साल चले संघर्ष को जिक्र करते हुए कहा- हमें उतना ही खाना चाहिए, जितना पच जाए। तभी खाना चाहिए, जब पहला पच जाए। वरना डाइजेशन की समस्या हो जाएगी।

चंपत राय विश्वम संस्था के कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि गौरव यात्रा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा- जब आंदोलन से जुड़ा तब मेरी उम्र 39 साल थी। अब मथुरा-काशी के लिए आज जो लोग 39 साल के हैं, वे आगे आएं। इस दौरान उनसे पूछा गया- आपको अब जाकर राम मंदिर के दर्शन हो पाए हैं। सरकार हमारी है। क्या फिर भी मथुरा-काशी के दर्शन तीसरी पीढ़ी में हो पाएंगे, क्या इतनी देर लगनी चाहिए?

उन्होंने कहा- चलते समय पिछला पैर तब उठाना चाहिए, जब अगला जम जाए। अगर अगला पैर जमे नहीं और पिछला उठा देंगे, तो फिसलने का डर रहता है। एक काम संपन्न हो जाने दो, उसकी समाज में पूरी स्वीकार्यता हो जाने दो, फिर आगे भी हो जाएगा।

यह मामला हिंदुस्तान की एक हजार साल गंभीर बीमारी का है। क्या पांच-सात साल में ही इसे हल करना चाहते हो। काम ऐसा करना चाहिए, ताकि समाज का हर वर्ग स्वीकार करे कि जो हो रहा है, सही हो रहा है। वरना दुर्घटना हो सकती है।

### ऐसे तय हुआ मंदिर का पहला आर्किटेक्ट

चंपत राय ने कहा कि 1986 में जो पीढ़ी काम कर रही थी, उसमें अशोक सिंघल, मोरपंख पिंगले, देवकी नंदन अग्रवाल, परमहंस रामचंद्र दास समेत कई लोग शामिल थे। उस समय यह बात आई कि ऐसा मंदिर बनाओ कि कोई तोड़ न सके। बात पत्थरों पर आकर रुकी। उस समय आर्किटेक्ट कौन हो, इस पर चर्चा हुई तो गंगा प्रसाद बिरला ने चंद्रकांत भाई सोमपुरा का परिचय अशोक सिंघल करवाया।

गंगा प्रसाद बिरला ने कभी जन जागरण देख अशोक जी को बुलाया था। तब बिरला जी ने उनसे कहा था कि तुम लोग क्या कहते हो कि मंदिर वहीं बनाएंगे। कभी ऐसा हुआ है कि लोगों ने जिसे मस्जिद कह दिया हो उसे तोड़ा गया हो। तब अशोक सिंघल ने बेबाकी से कहा था कि बाबूजी आप हमें तोड़ने के लिए उकसा रहे हैं क्या? इसी दौरान चंद्रकांत भाई सोमपुरा का परिचय कराया गया, तब उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए पत्थरों की बात कही। यह बात आई कि पत्थर कहां से लाया जाए? राजस्थान से विशेष किस्म का पत्थर लाने का तय किया गया। उन्होंने बताया कि यह पत्थर एक हजार साल तक धूप-पानी को आसानी से सह सकेंगे। उसके बाद वैज्ञानिकों की बात भी माननी पड़ी।

### राम मंदिर का पहला मॉडल 1989 में बनाया

राय ने मंदिर के मॉडल का जिक्र करते हुए कहा- हमने जनवरी, 1989 में मंदिर का लकड़ी का मॉडल बनाकर जनता को दिखा दिया था। तब मंदिर निर्माण के लिए खर्च होने वाली राशि के लिए जनता से सवा रुपए मांगा गया। तभी से यह अभियान चल पड़ा। 1991 से पत्थरों की नक्काशी भी शुरू कर दी गई। मुझे इसी काम में लगने के लिए कहा गया।

साल 2006 आते-आते इतने पत्थर तैयार हो गए कि इन्हें रखने के लिए भी जगह नहीं थी। 1992 में ढांचा गिर गया तो अदालती प्रक्रिया शुरू हो गई। इसमें काफी समय लग गया।

### कांग्रेसी मुख्यमंत्री ने हमारी बात मानी

कई अलग-अलग जगहों से पत्थर खरीदा गया। इन पत्थरों को राजस्थान के सिरोही और मकराना में नक्काशी के लिए भेजा। वहां से इन पत्थरों को अयोध्या लाया गया। अलग-अलग स्थानों पर सब काम होते रहे। इसी बीच सरकार ने पत्थर वाली जमीन को वन क्षेत्र घोषित कर दिया। अब हमें वहां से पत्थर लाने की अनुमति नहीं थी।

तब यह बात आई कि चोरी का पत्थर तो वैसे भी मिल रहा है, क्या किया जाए?

# इंस्टाग्राम फ्रेंड को साथ ले गया अपहरण केस में जेल काटी

## छूटने के बाद शिवपुरी से इंदौर आकर करने लगा छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में अपने मामा के यहां रहने आई दवा कंपनी में काम करने वाली युवती के साथ उसके पूर्व दोस्त ने छेड़छाड़ कर परेशान किया। बताया जाता है कि दोनों की पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। आरोपी उसे अपने साथ ले गया। इस मामले में परिवार ने अपहरण का केस दर्ज कराया। आरोपी जेल से छूटा। उसे पता चला कि युवती मामा के यहां रह रही, तब आरोपी इंदौर आ गया और यहां उसे पीछा कर परेशान करने लगा।**

राउ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 18 साल की युवती की शिकायत पर अरविन्द पुत्र चैनु पाल, निवासी ग्राम गुडर, शिवपुरी पर छेड़छाड़ करने और परेशान करने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि युवती इंदौर में अपने मामा के यहां रहने आई है। उसने थाने आकर बताया कि वह अरविन्द को 4 माह से जानती है। दोनों की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। जून 2024 में वह उसे अपने साथ ले गया। जिसकी शिकायत बमोरकला थाना शिवपुरी में हुई। अरविन्द को पुलिस ने जेल भेज दिया। वह जेल से छूट कर आया और मामा की बेटी को इंस्टाग्राम पर मैसेज कर बात करने के लिए कहने लगा। उसे पता चला कि मैं दो माह से इंदौर में मामा के यहां पर हूं। तो वह भी इंदौर आ गया। जन्माष्टमी के दिन बहन के यहां से पीछा करते हुए मामा के घर तक पहुंचा। इस दौरान मामा को आवाज लगाकर बुलाया तो अरविन्द वहां से भाग गया। पिछले 4 से 5 दिनों से वह लगातार घर के चक्कर काट रहा है। घर से निकलने पर पीछा करता है। 12 बजे दोपहर में घर से बाहर थी तो बाइक से आया और रास्ता रोका। बार-बार आवाज देने लगा। सडक पर चिल्लाने लगा। मामी को जोर से आवाज लगाकर बुलाया तो कहा कि उन्हें मत बुलाओ। इसके बाद कहने लगा कि यहां क्यों रह रही हो मेरे साथ चलो। बाद में मामा की बेटी को पूरी बात बताई। मामा से बात कर युवती ने थाने आकर अरविन्द की शिकायत कर दी।

# क्षमा मांगने वाला कभी बड़ा छोटा नहीं होता : समाजसेवी प्रवीण जैन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। पर्यूषण पर्व तप करने का पर्व है। सात दिन के बाद ही क्षमावाणी पर्व आता है। भगवान महावीर ने कहा कि हर जीव को क्षमा मांगना चाहिए। क्षमावाणी पर्व केवल साधुओं के लिए नहीं है, यह सबके लिए है। शरीर के प्रति लगाव रखते हुए हर जीव को आराधना करने का अधिकार पर्याप्त हैं। जैन समाज में तप आवश्यक है। कोई भी छोटा-बड़ा नहीं है। माफी मांगने वाला बड़ा होता है। उक्त उद्गार पूर्व पार्षद प्रवीण जैन ने नगर के कपड़ा व्यवसाई सिरेमल चौधरी के द्वारा आयोजित क्षमावाणी पर्व में कहे । उन्होंने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षा को जीवन में उतारना अनिवार्य है। जैन ने बताया कि हमें अपने छोटे या बड़े सभी से क्षमा मांगना चाहिए। क्षमावाणी पर्व पर दोस्तों, संबंधियों से पहले हमें शत्रुओं से क्षमा मांगना चाहिए। पर्यूषण पर्व हमारे जीवन में संवेदनशीलता, दया, क्षमा और मानवता जगाने का पर्व है। क्षमा याचना मन से होनी चाहिए। जब तक मन की कटुता दूर नहीं होती, तब तक क्षमावाणी पर्व का कोई अर्थ नहीं है। पर्युषन पर्व की समाप्ति पर समाज बंधुओं ने वर्ष भर में की गई किसी भी भूल चूक को लेकर एक दूसरे के घर जाकर क्षमायाचना की युवाओं में क्षमावाणी पर्व को लेकर काफी उत्साह था, युवा जहां बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर क्षमा मांग रहे थे वही बराबरी वालो से गले मिल रहे थे । जैन समाज के प्रत्येक घरों से घर आने वालों को प्रभावना बांटी जा रही थी। जैन द्वारा आयोजित क्षमा वाणी पर्व मे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी गण, नगर के गणमान्य नागरिक और नगरवासी भी शामिल हुवे।

# कंपनियों में चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

## जंगल में बंद फैक्ट्री से 5 लाख का सामान बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर 1 पुलिस ने कारखानों में चोरी करने वाले 4 आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया है।**

आरोपियों के पास से केबल, स्क्रेप, एसएस प्लेट, हाईड्रोलिक पम्प सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है। जिसकी कीमत लगभग 5 लाख है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ में और भी खुलासे हो सकते हैं। थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने बताया कि कंपनियों मे चोरी की शिकायतें आ रही थी। सूचना मिली थी कि तारपुरा गांव के जंगल में बंद फैक्ट्री में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी का सामान रखा है। इसके बाद पुलिस ने सामान सहित आरोपियों को पकड़ा है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

आरोपियों में रामा पिता किशन रैकवार (19) निवासी तारपुरा पीथमपुर, जितेन्द्र पिता छोटेलाल मालीवाड (26) साल निवासी सदर, शिवलाल पिता रामसिंह रावत (30) निवासी सदर, दिलीप पिता ओमकार मोर्य (33) निवासी सदर शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी, उप निरीक्षक दिनेश यादव, सहायक उपनिरीक्षक के. के. परिहार, प्रधान आरक्षक मनीष चौहान, सूरज तिवारी, महेश यादव, विशाल भटकारे, पवन अमिलियर शामिल रहे।

### चरण पादुका पालकी यात्रा कल

**इंदौर।** दाधीच ब्राह्मण समाज इन्दौर जिला अध्यक्ष कमल व्यास के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक धनश्याम शर्मा के नेतृत्व में युवा शक्ति के साथ भव्य चरण पादुका पालकी यात्रा इस रूट से जांगड़ा पोरवाल धर्मशाला छत्रीबाग जाएगी। चरण पादुका यात्रा 11 सितंबर 24 चाणक्यपुरी चौराहा स्थित महर्षि दधीचि प्रतिमा स्थल दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होकर चल समारोह बग्गी में मां दधिमथी का फोटो पर माल्यार्पण कर पालकी में चरण पादुका पूजन अर्चन कर साथ में महिलाए भजन कीर्तन आतिशबाजी बैंड बाजा डमरू पार्टी करते हुए अन्नपूर्णा देवी मंदिर, महूनाका चौराहा, जयरामपुर कालोनी, छत्रीबाग जांगड़ा पोरवाल धर्मशाला पहुंचेगी इस चल समारोह मे इन्दौर सम्पूर्ण दाधीच ब्राह्मण समाज प्रत्येक घर परिवार एकता का परिचय देंगे ।

# जॉब के लिये निकला था युवक, कुंए में मिला शव

## मोबाइल की घंटी बजती रही, राहगीर ने दी परिवार को सूचना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चंदन नगर इलाके में रहने वाले एक युवक का शव कुएं में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजकर सुसाइड और हादसे के एंगल पर जांच शुरू की है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक राहुल (30) पुत्र नवलसिंह कुशवाह निवासी धरनावद का शव मंगलवार सुबह कुएं में पड़ा मिला।

परिवार के लोगों ने बताया कि वह सोमवार को काम का कहकर निकला था। लेकिन घर नहीं लौटा। पूरी रात परिवार के लोग उसे कॉल करते रहे। लेकिन फोन उसने फोन रिसीव किया। मंगलवार अल सुबह वहां से गुजर रहे राहगीर ने मोबाइल बजता देखा।

कॉल रिसीव किया तो परिवार को कुएं के यहां पर मोबाइल पड़े होने की सूचना दी। इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परिवार ने बताया कि राहुल एक आटा मिल में काम करता था।

# मिली महिला की लाश की शिनाख्त नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर में रविवार दोपहर एक कमरे में मिले महिला के तीन दिन पुराने शव का सोमवार को पोस्टमॉर्टम कराया गया। महिला का शरीर काफी गल चुका था। शार्ट पीएम रिपोर्ट के लिए एमवायएच के डॉक्टरों ने मंगलवार तक का समय मांगा है।**

हालांकि महिला के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। टीआई नीरज मेंढा के मुताबिक विराट नगर के मूसाखेड़ी में किराए से कमरा लेकर रहने वाले राकेश मालवीय के कमरे से महिला का शव मिला है। अब मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। महिला के शव को लेकर पुलिस राकेश मालवीय की तलाश कर रही है। महिला उसी के पास आकर रुकी थी। राकेश तीन दिन से लापता है। वह यहां दोस्त हंसराज के साथ रहता था। हंसराज अपने गांव में था। पुलिस ने उसे कॉल कर बुलाया और हिरासत में ले लिया।

### 15 दिन पहले गांव गया

हंसराज ने अपने बयान में बताया कि वह तो 15 दिन पहले ही राकेश से कहकर अपने गांव गया था। उसे महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं है। राकेश शादी-पार्टियों में कैटरिंग आदि में काम करता है। पुलिस को शंका है कि महिला भी इसी काम से जुड़ी है, जो राकेश के साथ रहने आ गई होगी। टीआई नीरज मेंढा के मुताबिक राकेश की तलाश में टीमें भेजी गई हैं। उसके मिलने के बाद महिला की पहचान हो सकती है।

### पुलिस को मिले थे सीसीटीवी

आजाद नगर में जब महिला का शव मिला तो पुलिस ने आसपास के फुटेज खंगाले। जिसमें राकेश और महिला रूम की तरफ जाते हुए नजर आए थे। इसके बाद राकेश अकेले जाते हुए भी दिखा है। पुलिस के मुताबिक पूरा मामला अभी संदिग्ध ही है। जिसमें राकेश के मिलने के बाद ही पूरी कहानी स्पष्ट हो पाएगी।

# राष्ट्रपति के दौरे की तैयारी, अधिकारियों को सौंपी जवाबदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित 18 और 19 सितंबर के दौरे के लिए प्रशासन ने हर बिंदु के लिए अधिकारियों की तैनाती कर दी है। प्रोटोकॉल डायरी ब्लू बूक के हिसाब से मुख्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं के लिए अपर कलेक्टर और संयुक्त कलेक्टर की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं छोटी-छोटी व्यवस्थाओं के लिए भी डिप्टी कलेक्टर के साथ दो से तीन समन्वय अधिकारी भी लगाए गए हैं।कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जारी आदेश में एयरपोर्ट, डीएवीवी ऑडिटोरियम, रेसीडेंसी और मृगनयनी एम्पोरियम में अपर कलेक्टर की तैनाती की गई है, वहीं रिसेप्शन, आईडी कार्ड, ब्रांडबैंड, स्वास्थ्य सुविधाएं, आने वाले क्रू की व्यवस्था, मीडिया संबंधी व्यवस्था के लिए भी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। पुलिस की व्यवस्थाएं अलग होंगी -पुलिस कमिश्नर सुरक्षा, ट्रैफिक सहित अन्य व्यवस्थाओं पर काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति के आगमन, कार्यक्रम और रुकने से वापस जाने तक विशेष सुरक्षा पुलिस की ओर से भी रहेगी।

# खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का इंदौर जिले में प्रभावी पालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का इंदौर जिले में प्रभावी रूप से पालन कराया जा रहा है। जिले में गत जनवरी से अभी तक 130 दायर प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इन प्रकरणों में एक करोड़ 14 लाख रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया इसमें से 80 लाख 80 हजार रुपये का अर्थदण्ड वसूल किया जा चुका है। अर्थदण्ड जमा नहीं करने पर 12 संस्थानों के लायसेंस/ पंजीयन निलंबित किए गये। इस अवधि में खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा लायसेंस एवं पंजीयन से एक करोड़ 48 लाख 31 हजार रुपये का राजस्व हासिल किया गया है। यह जानकारी यहां कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर गौरव बेनल, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी सहित समिति के सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का इंदौर जिले में कड़ाई से पालन कराने के निर्देश कलेक्टर आशीष सिंह ने दिये। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं सही माप से खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इसके लिए लगातार मुहिम चलाकर खाद्य सामग्री विक्रेताओं के यहां जाँच की जाए और खाद्य सामग्रियों के नमूने लेकर उनकी जाँच कराई जाये। बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा मुहिम चलाकर दो हजार 300 से अधिक नमूने खाद्य सामग्रियों के लिये गए। अमानक पाये जाने पर मौके पर ही लगभग 75 लाख रुपये मूल्य की 71 हजार 534 किलो खाद्य सामग्री जप्त की गई।

# पटरी पर फंसा ट्रैक्टर, इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन

## सोमनाथ एक्सप्रेस के पायलट ने उसी ट्रैक पर आ रही दूसरी ट्रेन को किया अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, (एजेंसी)। नर्मदापुरम में एक ट्रैक्टर रेलवे ट्रैक क्रॉस करते समय पटरी पर फंस गया। इससे सोमनाथ एक्सप्रेस और दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन रोकनी पड़ गईं। एक ट्रेन के लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद दूसरी ट्रेन के लोको पायलट को अलर्ट करने के लिए ट्रैक पर एक किलोमीटर पहले पटाखे चलाए। इससे दूसरी ट्रेन का लोको पायलट अलर्ट हो गया और उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। घटना सोमवार सुबह 10 बजे पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में बागरातवा और गुरमखेड़ी के बीच की है। इससे करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है।**



जबलपुर जा रही थी सोमनाथ एक्सप्रेस

सोमनाथ एक्सप्रेस अप ट्रैक पर इटारसी से जबलपुर जा रही थी। बागरातवा और गुरमखेड़ी के बीच लोको पायलट को बीच में डाउन ट्रैक पर ट्रैक्टर पटरी क्रॉस करते दिखा। यह देखकर उसने स्पीड कम करते हुए ट्रेन रोक दी। गार्ड ने गुरमखेड़ी रेलवे स्टेशन को सूचना दी। स्टाफ ने उतर कर देखा, तो ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। दूसरे ट्रैक पर आने वाली ट्रेन के पायलट को अलर्ट करने 1 किमी आगे जाकर पटाखे फोड़े। इससे दूसरी ट्रेन के पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। दूसरी ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोक दिया गया। इस बीच ट्रैक्टर ड्राइवर अपने साथियों के साथ आया और लकड़ियों के सहारे ट्रैक्टर निकालकर भाग गया। उसकी तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि जिस जगह ट्रैक्टर क्रॉस किया जा रहा था, वहां से दो किमी दूर रेलवे फाटक है। डीजल और समय बचाने के लिए कई बार ट्रैक्टर चालक जान जोखिम में डालकर पटरी पार करते हैं।

### जिस ट्रैक पर ट्रैक्टर, उस पर आने वाली थी दूसरी ट्रेन

जिस डाउन ट्रैक पर ट्रैक्टर फंसा था, उसी पर कुछ देर बाद ट्रेन नंबर 20934 दानापुर उधना एक्सप्रेस आने वाली थी। सोमनाथ एक्सप्रेस के लोको पायलट ने खतरे को भांपते हुए डाउन ट्रैक पर एक किमी पहले एक सिंगल पटाखा लगाया। रेलवे कंट्रोल को इसकी सूचना दी।

कंट्रोल रूम से गुरमखेड़ी स्टेशन को जानकारी मिली। तब तक दानापुर एक्सप्रेस गुरमखेड़ी स्टेशन से निकल कर दो सिग्नल पार कर चुकी थी। स्टेशन उप प्रबंधक अमर बहादुर यादव ने आनन-फानन में तीसरे सिग्नल को रेड कर दिया। एक किमी पहले लगा पटाखा भी फूटा, जिससे ड्राइवर ने तुरंत ही इमरजेंसी ब्रेक लगाया। साथ ही दूसरी ट्रेनों को आसपास के स्टेशनों पर रोका गया।

### ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ होगी कार्रवाई

पिपरिया आरपीएफ के इंस्पेक्टर गोपाल मीणा ने बताया कि ट्रैक्टर चालक ने रिवर्स में लेकर पीछे करने की भी कोशिश की है, लेकिन वह असफल रहा। संभवतः ट्रैक पार करते समय ट्रैक्टर बंद हो गया था। ट्रैक्टर ड्राइवर की तलाश की जा रही है। उसके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जांच के बाद करीब आधे घंटे बाद ट्रैक को चालू कर दिया गया।

# 4 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

## शाजापुर में आधे घंटे जमकर गिरा पानी, भोपाल-इंदौर में धूप निकली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहेगा। भोपाल के कुछ इलाकों में सुबह बूंदाबांदी के बाद तेज धूप निकली है। वहीं, शाजापुर में आधे घंटे जमकर पानी गिरा।**

मौसम विभाग ने सोमवार को प्रदेश के 4 जिले- अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में अति भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। यहां 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिर सकता है। प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में भी तेज बारिश हो सकती है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह के मुताबिक, मानसून ट्रफ मध्यप्रदेश के बीच से गुजर रही है। इस वजह से अगले 4 से 5 दिन प्रदेश में कहीं अति भारी और कहीं भारी बारिश हो सकती है।

**हल्की बारिश का दौर रहा-** रविवार को भोपाल, छतरपुर जिले के खजुराहो, उमरिया, बालाघाट जिले के मलाजखंड, बैतूल, धार, गुना, पचमढ़ी, रतलाम और उज्जैन में हल्की बारिश जारी रही। राजगढ़ जिले के सारंगपुर और नर्मदापुरम के इटारसी में भी पानी गिरा। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ लाइन उत्तर भारत से गुजर रही है। लो प्रेशर एरिया भी एक्टिव है। ओडिशा के पास डिप्रेशन पश्चिम-उत्तर बंगाल की खाड़ी में एक्टिव है। अगले 24 से 48 घंटे में यह और स्ट्रॉन्ग होगा।

### शाजापुर में गरज-चमक के साथ तेज बारिश

शाजापुर शहर में एक हफ्ते के बाद जोरदार बारिश का दौर शुरू हुआ। सुबह 11 बजे यहां गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हुई। आधे घंटे में ही बारिश से सड़कें पानी से तरबतर हो गईं।

**सामान्य बारिश में 1 इंच से भी कम पानी की जरूरत-** प्रदेश में अब तक औसत 36.4 इंच बारिश हो चुकी है। यह सीजन की 98% है। एमपी में सामान्य बारिश का आंकड़ा 37.3 इंच है यानी कोटा पूरा होने में अब 1 इंच से भी कम पानी की जरूरत है।

# डॉक्टर ने साथियों के साथ फावड़े-डंडे से पीटा

## भोपाल में एक परिवार पर किया जानलेवा हमला, महिला चीखती रहीं, वे पीटते रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)। भोपाल में एक डॉक्टर ने अपने भाई और स्टाफ के साथ मिलकर एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने मामूली विवाद में युवक को फावड़े से पीटा। बीच-बचाव करने पहुंची युवक की सास, पत्नी और भाई से भी मारपीट की। महिला चीखती रही और हमलावर उन्हें पीटते रहे।**

घटना शाहजहांनाबाद थाने के पास वाली गली में 3 सितंबर की है। सोमवार को पीड़ित परिवार ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग को लेकर लिखित शिकायत की। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

### अस्पताल के छज्जे को लेकर विवाद

सैयद उमर अली (35) कोयले वाली गली शाहजहांनाबाद में रहते हैं और प्राइवेट जॉब करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके मकान के पड़ोस में गुडविल अस्पताल है। जिसमें निर्माण कार्य चल रहा है। इस अस्पताल का छज्जा अवैध रूप से बाहर निकाला जा रहा है।

इससे उनका मकान छिप रहा था, जिसका विरोध करने पर अस्पताल के डॉक्टर अकरम खान ने अभद्रता की, और मारपीट शुरू कर दी। मैं किसी तरह बचकर घर के बाहर तक पहुंचा, तब आरोपी पीछा करते हुए वहां भी आ गए, और पीटना शुरू कर दिया।

### बचाव करने आई वृद्ध सास को भी पीटा

आरोपियों के हमले को देख वृद्ध सास रेशमा, पत्नी रूही और भाई आया। तब अकरम, उसके भाई आफाक, साबिर और अस्पताल के स्टाफ के दो अन्य लोगों ने फावड़े और डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में घायल सास रेशमा के सिर में सात टांके आए हैं। भाई के सिर की हड्डी फ्रैक्चर हो गई। पत्नी को भी चोटें आई है। मैं भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### अधमरा कर फरार हो गए आरोपी

वीडियो में साफ दिख रहा है कि डॉक्टर और उसके साथी फावड़े और डंडों से सिर में वार कर रहे हैं। हमले में घायल उमर के भाई देर तक सड़क पर पड़े रहे। उमर भी सिर में फावड़ा लगने के बाद बेहोश हो गए थे। आरोपियों के भागने के बाद स्थानीय रहवासियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया था।

### पुलिस ने कहा-केस दर्ज, कर रहे जांच

मामले में थाना प्रभारी यूपीएस चौहान ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व में भी विवाद होते रहे हैं। 3 सितंबर को हुई घटना के बाद मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

# बुरहानपुर में एटीएम में लगी आग

## 2 दमकल की मदद से बुझाई, तीन मशीनें जलीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर,(एजेंसी)।** बुरहानपुर में कमल प्लाजा कॉम्प्लेक्स में एसबीआई एटीएम में रविवार-सोमवार की रात करीब 2 बजे अचानक आग लग गई। यहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने आग की सूचना पुलिस को दी। पुलिस बल मौके पर पहुंचा और तत्काल नगर निगम दमकल को बुलाया गया। दो दमकलों की मदद से कुछ देर में आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन आग लगने से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। आग का कारण फिलहाल शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। शिकारपुरा थाना प्रभारी कमल सिंह पंवार ने बताया सूचना मिली थी कि एसबीआई बैंक का एटीएम है। यहां पर आग लग गई है। सूचना पर तत्काल फायर फाइटर को बुलाया गया। कुछ देर में आग पर काबू कर लिया गया। एक अधिकारी और एक जवान को यहां तैनात किया गया है। बैंक मैनेजर और इंजीनियर को बताया गया है। जांच के बाद पता चलेगा कि आग का कारण क्या है। फिलहाल देखने पर यह स्थिति नजर आई है कि आग का कारण शॉर्ट सर्किट से लगी है।

**रातभर पुलिस बल रहा तैनात-** एटीएम में कितना पैसा था। यह आज पता चल पाएगा। एटीएम इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर एक कॉम्प्लेक्स में है। गनीमत रही कि आग से दूसरी दुकानें चपेट में नहीं आईं। सुरक्षा की दृष्टि से यहां एक अधिकारी और एक जवान की ड्यूटी लगा दी गई। इस हादसे में 3 एटीएम जले हैं।

# लाठी-डंडे से पीट-पीटकर पिता की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा,(एजेंसी)।** रीवा के गुढ़ में युवक ने अपने ही पिता को लाठी-डंडों से दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। फिर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। आरोपी ने बहन पर हमला किया। उसे वहां मौजूद लोगों ने बचाया। घटना रविवार शाम गुढ़ थाना क्षेत्र के कुआरी गांव की है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी अनिल साकेत (26) नशे का आदी है। उसका अपने पिता रामाश्रय साकेत (50) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पहले दोनों में बहस हुई। इसके बाद अनिल ने पिता पर हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में रामाश्रय साकेत को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

रामाश्रय की बेटी ज्योति साकेत ने बताया, ह्वाभाई अनिल साकेत पिछले दो-तीन दिन से नशे में धुत होकर आ रहा था। पापा रामाश्रय साकेत शाम को घर में खटिया पर लेटे थे। पापा भी कभी-कभार थोड़ा बहुत पीते थे। घटना के पहले उन्होंने भी थोड़ी शराब पी रखी थी। नशे की हालत में भाई उनके पास जाकर बार-बार हंगामा कर रहा था। उन्होंने गुस्से में भाई को दूर जाने के लिए कहा। इतने में भाई ने पापा को 4-5 थप्पड़ मार दिए। मैं बीच-बचाव के लिए पहुंची।

# संपादकीय

## सहयोग से समस्याओं का होगा समाधान

आसानकुछ वर्ष पहले तक दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन यानी दक्षेस या सार्क के तहत इसमें शामिल देशों के बीच आपसी साझेदारी से लेकर वैश्विक मसलों पर रुख तय करने की समझ बनती थी। मगर पिछले कुछ वर्षों के दौरान दक्षिण एशियाई देशों के बीच कूटनीतिक और अन्य मसलों पर जैसे हालात पैदा हुए हैं, उसमें धीरे-धीरे एक तरह की अघोषित दूरी बनती गई। नतीजा यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले उतार-चढ़ाव में एक अहम भूमिका निभाने वाला दक्षेस करीब एक दशक से निष्क्रिय पड़ा हुआ है। समस्या यह पैदा हुई है कि इसमें शामिल देशों में अगर कोई बड़ी समस्या भी खड़ी हो जाती है तो अब आपसी सहभागिता से कोई हल निकालने या उसमें मदद करने की गुंजाइश लगभग ठप पड़ गई है। जबकि पड़ोसी देशों के बीच अच्छे संबंध या कूटनीतिक स्तर पर एक परिपक्व समझदारी कायम हो, तो किसी जटिल समस्या के समाधान की राह खोजने में मदद मिलती है। शायद इसी को ध्यान में रखते हुए बांग्लादेश में व्यापक उथल-पुथल के बाद गठित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन के मकसद को बहाल करने से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकालने का रास्ता आसान हो जाएगा। इस क्षेत्रीय समूह में भारत और बांग्लादेश के साथ-साथ अफगानिस्तान, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। पहले इसकी बैठकों में इन देशों में उपजी समस्याओं और उनकी जटिलताओं पर बातचीत होती थी। मगर इस बीच भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद का असर इस संगठन पर भी पड़ा और दक्षेस की बैठक एक तरह से ठप पड़ गई। दक्षेस को फिर से जिंदा करने की बांग्लादेश की ताजा इच्छा से इतर पिछले कुछ समय से नेपाल भी इसे सक्रिय करने की कोशिश कर रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि क्षेत्रीय स्तर पर उभरने वाली परिस्थितियों के हल में दक्षेस की मजबूत भूमिका हो सकती है, क्योंकि संवाद और विमर्श किसी समस्या के हल का सबसे कारगर औजार होता है। नए बनते वैश्विक हालात में दक्षेस को पुनर्जीवित करना निस्संदेह वक्त की जरूरत है।

अर्ज किया है..!

*न तेरी याद न दुनिया का ग़म न अपना ख़याल*
*अजीब सूरत-ए-हालात हो गई प्यारे*

-हबीब जालिब

isha



*भौतिक रूप से, हमारा जीवन हमारे आस-पास की बहुत सारी चीजों पर निर्भर करता है। लेकिन जो हमारे होने का तरीका है, उसको किसी भी चीज पर निर्भर होने की जरूरत नहीं है।*

– जग्गी वासुदेव

Health is Welth

# भगवान गणेश के फेवरिट फूल से बनाएं तेल

**बालों के लिए है सबसे अच्छा**



भगवान की पूजा में फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। हर देवी देवताओं को कुछ फूल बेहद प्रिय होते हैं। ऐसे में माना जाता है कि देवी-देवताओं को उनके पसंदीदा फूला चढ़ाने से वह खुश होते हैं। इन दिनों गणेशोत्सव की धूम है, ऐसे में भगवान गणेश का प्रिय फूल गुड़हल बाजार में खूब बिक रहा है। वैसे तो इस फूल को गमले में आसानी से उगा सकते हैं। यही वजह है कि ये ज्यादातर लोगों के गार्डन में आसानी से मिल जाता है। ये फूल सेहत के साथ बालों के लिए सबसे अच्छा है। आप इसकी मदद से तेल बना सकते हैं। देखिए, गुड़हल के फूल से कैसे बनाएं तेल-

### गुड़हल के फूल का तेल बनाने के लिए आपको चाहिए

1 कप नारियल तेल
7-8 गुड़हल के फूल
7-8 गुड़हल की पत्तियां

### कैसे बनाएं ये खास तेल

तेल को बनाने के लिए गुड़हल के फूल और गुड़हल की पत्तियां लें और उन्हें पीसकर बारीक पेस्ट बना लें। फिर एक कप नारियल तेल गर्म करें और इसमें इस पेस्ट को मिलाएं। अब मिक्स को कुछ मिनट तक गर्म होने दें और फिर इसे ठंडा करके स्टोर कर दें। गुड़हल का तेल तैयार है। अगर आपको बालों के झड़ने की समस्या है या फिर आपके बाल बहुत ज्यादा कमजोर होते जा रहे हैं तो आप इसमें प्यार के र को भी मिला सकते हैं। बालों के लिए प्याज का रस काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। तेल को गर्म करते समय आप इसमें कलौंजी और कड़ी पत्ते को मिला सकते हैं। ये दोनों चीजें बालों के लिए अच्छी होती हैं।

### कैसे लगाएं तेल

इस तेल को अपने सिर पर लगाने के लिए पहले बालों को अच्छी तरह कंघी करें। फिर थोड़ी-थोड़ी मांग निकालकर लगभग 10 मिनट तक मालिश करें और 30 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में अपने बालों को गुनगुने पानी का इस्तेमाल करके धो लें। आप किसी आयुर्वेदिक शैम्पू से बालों को धो सकते हैं।

Haryana

# विनेश फोगाट को टिकट देने से कांग्रेस में खलबली, कई नेता भड़के, AICC पर भी नारेबाजी

**हरियाणा, (एजेंसी)** जुलाना सीट से पहलवान विनेश फोगाट को टिकट मिलने के बाद हरियाणा कांग्रेस में नाराजगी नजर आ रही है। खबर है कि टिकट के कई उम्मीदवारों ने फोगाट को लेकर आयोजित कार्यक्रम से दूरी बना ली। साथ ही टिकट वितरण को लेकर AICC यानी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के दफ्तर के बाहर भी प्रदर्शन किया गया। हाल ही में फोगाट कांग्रेस में शामिल हुई हैं। उनके साथ पहलवान बजरंग पूनिया ने भी पार्टी का दामन थामा था।

फोगाट के सम्मान में बख्ता खेड़ा गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाना सीट से टिकट के कई दावेदार नेता



कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। इन नेताओं में परमिंदर सिंह धुल, धर्मेंद्र धुल और रोहित दलाल समेत कई नाम शामिल हैं। कथित तौर पर ये नेता फोगाट को जुलाना सीट से उतारे जाने से नाराज हैं। अखबार ने सूत्रों के हवाले से लिखा कि स्थानीय नेताओं को लग रहा है कि उनके काम को नजरअंदाज किया गया और बाहर को लाया गया। हालांकि, इस दौरान टिकट के कुछ दावेदार रहने नेता कार्यक्रम का हिस्सा बने थे। कहा जा रहा है कि फोगाट के कार्यक्रम में बेहद कम लोग शामिल हुए थे। कांग्रेस का टिकट मिलने के बाद वह पहली बार ससुराल पहुंचीं थीं। उन्होंने पौली गांव से रोड शो किया, जो रोहतक-दिल्ली हाईवे पर आता है। हाईवे जुलाना से बख्ता खेड़ा गांव से गुजरता है। यहां फोगाट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान सोमवीर राठी से शादी की है।

New Delhi

## बैंक वालों ने दी गलत लॉकर की चाबी, ज्वैलरी लेकर फरार हुई मां-बेटी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में चोरी का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है. यहां दिल्ली पुलिस ने पिछले हफ्ते एक महिला और उसकी बेटी को गिरफ्तार किया है. उन पर आरोप है कि उन्होंने बैंक के लॉकर से एक दूसरे शख्स की ज्वैलरी चुरा ली. यह सब एक बैंककर्मी की गलती की वजह से हुआ. पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है.

दरअसल, 5 सितंबर को दर्ज की गई FIR में यशपाल नामक एक शख्स ने कहा कि उनका जंगपुरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में करीब 20 सालों से खाता है. उनके पास एक लॉकर भी है. उन्होंने बताया कि 'पिछले कुछ दिनों से मैं लॉकर खुलवाने के लिए बैंक जा रहा था लेकिन उसके लॉक में कुछ समस्या थी 4 सितंबर को लॉकर इंचार्ज ने मुझे बैंक बुलाया और कहा कि एक गॉडरेज प्रतिनिधि भी आएगा ताकि लॉक खोला जा सके. यशपाल ने कहा कि मेरे लॉकर में सोने के आभूषण समेत रजिस्ट्रियों के दस्तावेज थे.

पाल ने कहा कि जब लॉकर खोला गया तो वो हैरान रह गए. उनके सभी कीमती आभूषण गायब थे. उन्होंने इसको लेकर बैंक मैनेजर से सवाल किया. बैंक मैनेजर ने बताया कि 10 जुलाई को दो महिलाओं जिनका नाम शशि और आशी रामानी था, उन्होंने लॉकर खोलवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज दिए थे.

बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शशि और उनकी बेटी आशी का भी इसी बैंक में लॉकर है. हाल ही में वे बैंक आई थीं. उन्होंने अपने लॉकर की चाबी मांगी तो बैंककर्मी ने उन्हें गलत चाबी दे दी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने लॉकर खोला तो उन्हें इसमें कीमती गहने दिखे. इसके बाद उन्होंने सामान चुरा लिया और चाबी वापस बैंककर्मी को दे दी.पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बैंककर्मियों से भी पूछताछ की जा रही है, जिन्होंने ये दावा किया है कि ये गलती से हुआ है.

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ में माओवादी नेता की सहयोगियों ने की हत्या, पुलिस मुखबिरी का था शक

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक माओवादी नेता की उसके सहयोगियों ने हत्या कर दी. इस मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह हत्या नक्सलियों के आपसी विवाद का नतीजा है. बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि यह घटना 6 सितंबर की है. रायपुर से लगभग 130 किलोमीटर दूर कांकेर जिले के परतापुर पुलिस थाना क्षेत्र के मालमपेंटा जंगल में वारदात को अंजाम दिया गया. आईजी ने बताया कि राजनांदगांव-कांकेर सीमा पर दक्षिणी बस्तर के माओवादी डिविजन के रहने वाले विज्जा मड़कम की तेलंगाना के माओवादी नेता विजय रेड्डी के निर्देश पर हत्या की गई है. विजय रेड्डी ने ही उसके साथियों के विज्जा की हत्या का ऑर्डर दिया था. रेड्डी ने विज्जा पर संगठन से गद्दारी का आरोप लगाया था. आईजी ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ के बस्तर के कई इलाकों में हुई मुठभेड़ के दौरान तेलंगाना, ओड़िशा, महाराष्ट्र और अन्य क्षेत्रों के वरिष्ठ कैडरों की मौत के बाद प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी ग्रुप का शीर्ष नेतृत्व परेशान है.

Rajasthan

## अजमेर में ट्रेन डिरेल करने की साजिश, ट्रैक पर दो जगह रखे 70 किलो वजनी ब्लॉक, हादसा टला

**अजमेर, (एजेंसी)** कानपुर के बाद अब राजस्थान के अजमेर जिले में ट्रेन को डिरेल करने की साजिश सामने आई है। अजमेर में सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच 2 स्थानों पर बदमाशों ने सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक रख दिए। गनीमत रही कि ट्रेन इन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गई और कोई हादसा नहीं हुआ। आपको बता दें कि राजस्थान में ट्रेन को बेपटरी करने की यह साजिश तीसरी बार अंजाम दी गई है।

जानकारी के अनुसार मामला रविवार रात का है जब फुलेरा से अहमदाबाद मार्ग मालगाड़ी फुलेरा से अहमदाबाद जा रही थी। इस मामले में मांगलियावास थाना पुलिस में रिपोर्ट दी गई है, जिस पर पुलिस जांच में जुट गई है। रिपोर्ट डेडिकेटेड



फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन (डीएफसीसी) कर्मचारी रवि बुंदेला और विश्वजीत दास ने दर्ज करवाई है।

रिपोर्ट के अनुसार 8 सितंबर की रात 10:36 बजे सूचना मिली कि ट्रैक पर सीमेंट का ब्लॉक रखा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो पाया कि वह टूटकर गिरा हुआ है। एक किमी आगे एक और ब्लॉक टूटकर साइड में रखा हुआ था।

खेल

# श्रीलंका ने इंग्लैंड में 10 साल बाद जीता टेस्ट मैच पाथुम निसांका ने खेली नाबाद शतकीय पारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के नाबाद 127 रन के दम पर श्रीलंका ने लंदन के केनिंगटन ओवल में खेले गए तीसरे टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड को आठ विकेट से हराया। हालांकि, इंग्लैंड की टीम ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। इंग्लैंड ने श्रीलंका के सामने जीत के लिए 219 रनों का लक्ष्य रखा था जिसे मेहमान टीम ने दो विकेट खोकर आसानी से प्राप्त कर लिया। इसी के साथ इंग्लैंड का घरेलू जमीन पर लगातार छह मैचों से चला आ रहा विजय अभियान रुक गया।

### तीसरी बार विदेश में 200 से अधिक रनों का लक्ष्य हासिल किया

श्रीलंका ने इस तरह तीसरे बार विदेशी धरती पर किसी टेस्ट मैच में 200 से अधिक रनों का लक्ष्य सफलतापूर्व हासिल किया



है। यह उसका विदेश में तीसरा सर्वोच्च लक्ष्य प्राप्त है। श्रीलंका ने विदेश में सबसे बड़ा लक्ष्य 2019 में डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हासिल किया था। उस वक्त टीम ने 304 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को मात दी थी। इसके अलावा यह सिर्फ चौथा अवसर है जब श्रीलंका ने इंग्लैंड की जमीन पर कोई टेस्ट मैच जीता है। इससे पहले उसने अंतिम बार इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर 2014 में जीत दर्ज की थी। उस समय श्रीलंका ने लीड्स में खेला गया मैच 100 रन से जीता था।

### निसांका-मैथ्यूज के बीच हुई शानदार साझेदारी

इससे पहले, श्रीलंका ने लाहिरु कुमारा के चार विकेट और विश्वा फर्नांडो के तीन विकेट के दम पर इंग्लैंड की दूसरी पारी 156 रन पर समेटी। इंग्लैंड ने पहली पारी में 62 रनों की बढ़त हासिल की थी, लेकिन दूसरी पारी में उसका बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया और वह श्रीलंका के सामने चुनौती पेश नहीं कर सके। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने दिमुथ करुणारत्ने का विकेट जल्द ही गंवा दिया जो आठ रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद निसांका ने कुसल मेंडिस के साथ मिलकर पारी आगे बढ़ाई, लेकिन गस एटकिंसन ने मेंडिस को 39 रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। फिर निसांका का साथ देने एंजेलो मैथ्यूज उतरे और दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी कर तीसरे विकेट के लिए 111 रनों की अविजित साझेदारी की और श्रीलंका को मैच जिताया। निसांका ने 124 गेंदों की अपनी पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े, जबकि मैथ्यूज 32 रन बनाकर नाबाद लौटे।

सिनेमा

## 14 साल बाद प्रियदर्शन संग अक्षय कुमार, क्या 7वीं हिट से उतारेंगे 'खलिाड़ी कुमार' के 'फ्लॉप की साढ़ेसाती'



बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार सोमवार को अपना 57वां जन्मदिन मना रहे हैं. अपने बर्थडे पर उन्होंने अपने फैन्स को एक बहुत बेहतरीन तोहफा दिया है. अक्षय ने अब अपनी एक नई फिल्म अनाउंस की है और इसमें खासियत ये है कि उनकी नई फिल्म, डायरेक्टर प्रियदर्शन के साथ है. अक्षय की नई फिल्म का टाइटल 'भूत बंगला' है और इस प्रोजेक्ट पर वो 14 साल बाद प्रियदर्शन के साथ काम कर रहे हैं. इस डायरेक्टर-एक्टर जोड़ी की आखिरी फिल्म, 2010 में रिलीज 'खट्टा मीठा' थी. अक्षय ने एक मोशन पोस्टर के साथ सोशल मीडिया पर फिल्म अनाउंस की और लिखा, 'साल दर साल, मेरे जन्मदिन पर आपके प्यार के लिए शुक्रिया! इस साल 'भूत बंगला' के फर्स्ट लुक के साथ सेलिब्रेट कर रहा हूं. 14 साल बाद फिर से प्रियदर्शन के साथ काम करने के लिए बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं. ये ड्रीम कोलेबोरेशन बहुत दिन से होने के इंतजार में था.. आप सबके साथ इस अद्भुत सफर को साझा करने का इंतजार करना बहुत मश्किल है. और जादू के लिए जुड़े रहें!' अक्षय कुमार की कॉमेडी का क्रेज जनता में बहुत तगड़ा है. और इस क्रेज को बनाने में प्रियदर्शन के साथ उनकी फिल्मों का बहुत बड़ा रोल है.

## Highlights

1. National security to be sacrificed: Congress on Adani's China unit
2. 27 candidates withdraw nominations for 2nd phase of J&K polls
3. When PM Modi said he 'speaks directly to God', we knew we'd blown him apart: Rahul in US
4. BJP, RSS believe women should stay at home, not talk too much: Rahul
5. I can be arrested anytime with blessings of Fadnavis: Anil Deshmukh

# Narayana Murthy on why TV was banned for his children: 'My wife's logic was...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Infosys founder Narayana Murthy said that parents should create an environment of discipline at home for children to study. Parents cannot watch movies themselves while asking children to study, he said in response to a question on how students should focus on studies amid distractions like social media. He also shared how he and his wife Sudha Murthy dedicated more than three and half hours each day to reading with their children Akshata and Rohan Murty during their school years to create an environment of discipline.

From 6.30 pm to 8.30 pm, the family focused on reading and studying, and at the time television banned. The family continued to study together after dinner, from 9 pm to 11 pm, he shared. "My wife's logic was, if I am watching TV, I cannot tell my children to study. So she said, I will sacrifice my TV time, and I will also study," he said.By doing this, children could clear doubts with their parents, he said "but that's not as important as creating an environment of discipline in learning. That leadership by example is the responsibility of the parents. If the parents are going and seeing movies and then telling 'children, no, no, you study' that won't work." Narayana Murthy also said he does not believe in coaching classes as only those students who fail to pay attention to their teachers in the classroom need them. He said, "Coaching classes are the wrong way to help children to pass examinations, I don't believe in coaching classes. Most people who go to coaching classes, they don't listen to their teachers carefully in the class and poor parents, they are not as competent to help them and therefore they see some value (in coaching classes)."



# Saudi Arabia's Vision 2030 projects reach $1.3 trillion in value

**NEW DEIHI, (Agency).** Saudi Arabia has launched $1.3 trillion in real estate and infrastructure projects over the past eight years as part of its plan to diversify the economy away from oil and become a more attractive place to live, work and travel.

The volume of projects is up 4% from a year ago, according to Knight Frank. This includes more than a million residential units and mega developments such as Neom on the Red Sea coast, the real estate consultancy group said in its latest Saudi Giga Projects Report.

Share your thoughts about Hindustan Times and unveil a surprise! Submit Feedback!

About $164 billion worth of real estate contracts have been awarded since 2016, when Saudi Crown Prince Mohammed bin Salman unveiled his strategy to wean the country off its dependence on petrodollars and improve the quality of life for locals.

The largest chunk of that money — $28.7 billion — has gone to Neom, with heavy spending on the development within it known as The Line, a pair of mirror-clad towers expected to eventually span the length of about 105 miles.

Other projects with the highest awards to date include the National Housing Co. with $12 billion, the development of Diriyah Gate at $9 billion and the entertainment city of Qiddiya in Riyadh with almost $7 billion, Knight Frank said.

# आकाशीय बिजली गिरने से 2 बच्चों की मौत

## तीसरी मंजिल की छत पर थे, शवों को कपड़ों में लपेटकर अस्पताल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **महू में आकाशीय बिजली गिरने से 2 बच्चों की मौत हो गई। हादसा सोमवार शाम 6 बजे किशनगंज के महू गांव में स्थित बजरंग मोहल्ले में हुआ। यहां पर एक मकान की तीसरी मंजिल की छत आकाशीय बिजली गिरी है।**

बिजली गिरते ही पूरे क्षेत्र में तेज धमाके की आवाज आई तभी लोगों को लगा कि कहीं पर गैस टंकी फटी है। घर की छत पर जाकर जब परिजनों जाकर देखा तो दोनों बच्चों के शरीर के हिस्से बिखरे पड़े थे।

एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि बजरंग मोहल्ले में सार्थक (15) और अंकित (16) साल छत पर घूम रहे थे। इसी दौरान पानी भी गिर रहा था। संभावना है कि तभी आकाशीय बिजली इन बच्चों पर गिर गई। घटना में मौके पर दोनों बच्चों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों बच्चों के शवों को सिविल अस्पताल लाया गया है। यहां पर इनका पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है।

### छत से कपड़े में लपेटकर लाना पड़े शव

घटना के बाद दोनों बच्चों के शव छत पर बिछरे पड़े थे। मौके पर पहुंचीं पुलिस और लोगों की मदद से कपड़े में लपेटकर कर दोनों के शवों को नीचे लाया गया और 108 से सिविल अस्पताल भेजा गया। दोनों मृतक छत के कोने पर खड़े थे। तभी आकाशीय बिजली गिर गई। जिसमें सार्थक पिता संतोष गिरवाल (15) और अंकित पिता पुष्पराज पांडे (18) की मोत हुई है। सार्थक मकान मालिक है। वही अंकित किरायेदार था। अंकित के पिता पीथमपुर में काम करते हैं, जो रीवा के रहने वाले हैं।

### पहले लगा गैस की टंकी में ब्लास्ट हुआ

रहवासियों के अनुसार इतनी तेज आवाज आई की लगा गैस की टंकी में ब्लास्ट हुआ है। इस दौरान बड़ी संख्या में मौके पर लोगों की भीड़ पहुंच गई।

# दो बेटियों के पिता ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विजय नगर इलाके में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फांसी लगा ली। वह एक साल से डिप्रेशन में था। उसका उपचार भी चल रहा था। घर से उपचार के पेपर भी मिले है। पुलिस के मुताबिक सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुनील (35) पुत्र राम चरण निवासी संजय गांधी नगर ने अपने घर में सुसाइड कर लिया। सुनील के भाई ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। भाई ने पुलिस को बताया कि सुनील काफी समय से डिप्रेशन में चल रहा था। उसकी दो बेटियां है और पत्नी गर्भवती है। सुनील के परिवार के लोगों ने बताया कि उसने एक साल पहले भी एसिड पीकर जान देने की कोशिश की थी। सुनील डिप्रेशन के उपचार की दवाइयां भी लेता था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक